## खबर संक्षेप

### एसआरएस पर्ल फ्लोर में रंगारंग दीपावली

फरीदाबाद। एसआरएस पर्ल फ्लोर रेजीडेंट वेलफेयर एसो. ने दीपावली महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया। इस दौरान एक ओर सोसायटी के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी । दूसरी तरफ गुरुकुल के नौजवानों ने हैरतअंगेज करतब पेश किए । कार्यक्रम का संचालन अर्चना गौड़ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी काफी समय से चल रही थी।



### ओलंपिया 23 में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

फरीदाबाद। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में 3 दिवसीय इंट्रा कॉलेज टूर्नामेंट 2023-24 का समापन हो गया। संस्थान के खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन व फुटबॉल आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर दमखम दिखाया। मौके पर संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला व निदेशक संयोगिता शर्मा उपस्थित रहीं।



### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 5 नाबालिग रेस्क्यू

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 5 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। टीम ने सेक्टर 15 एरिया की झुग्गी व बीपीटीपी एरिया की झुग्गी से 5 नाबालिग बच्चे को भीख मांगते व कूड़ा बीनते हुए रेस्क्यू किया है।



### जय श्री राम बोलने पर टीचर ने छात्र को पीटा

गुरुग्राम। न्यू पालम विहार स्थित एक निजी स्कूल एवं डे केयर में परिजनों ने उस वक्त हंगामा कर दिया जब पिकनिक के दौरान जय श्री राम का नारा लगाने पर स्कूल शिक्षक ने छात्रों की पिटाई कर दी। छात्रों का आरोप है कि उन्होंने पिकनिक के दौरान एक व्यक्ति के साथ मिलकर जय श्री राम का नारा लगाया था। यह बात टीचर को नागवार गुजरी। उन्होंने छात्रों की पिटाई कर दी। परिजनों का आरोप है कि उनके बच्चों को स्कूल में जबरन बाइबल पढ़ाई जाती है। उन्हें हिंदू धर्म का विरोधी बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### शौच कर रहे युवक को ट्रैक्टर ने कुचला

गुरुग्राम। बादशाहपुर थाना क्षेत्र में शौच कर रहे युवक ट्रैक्टर से कुचले जाने पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। शिकायत में श्याम ने कहा कि उसका भाई गांव के ही कुलदीप के साथ ट्रैक्टर ट्राली लेकर गुरुग्राम गया था। गैरतपुरबास गांव के पास श्याम सड़क की साइड में शौच कर रहा था। इसी दौरान ढलान पर चल रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और श्याम को कुचल दिया। हादसे में श्याम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

### बस की टक्कर से गार्ड की मौत

गुरुग्राम। भौंडसी थाना एरिया में बस की टक्कर से साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बस चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में मुजफ्फरपुर निवासी विकास कुमार ने कहा कि उसके बहनोई रविंद्र सिंह बादशाहपुर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। सुबह वह साइकिल से डयूटी पर जा रहे थे।



गीत पेश कर बांधा समां

# पंजाबी गायक अखिल ने सूरजकुंड दिवाली उत्सव में मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

*अखिल ने सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत जदो तेरे ख्वाबा वाली रात गाकर की। अखिल ने कई गाने में फिल्मी और पंजाबी गीतों, सभी मौजूद श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। मौके पर दर्शकों के फरमाइश भी आते रहे।*

सूरजकुंड दिवाली उत्सव में बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी पॉप स्टार व युवाओं के दिलों की धड़कन अखिल के गीतों के नाम रही। अखिल ने सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत जदो तेरे ख्वाबा वाली रात गाकर की। अखिल ने कई गाने में फिल्मी और पंजाबी गीतों, सभी मौजूद श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर उन्होंने दर्शकों की फरमाइश पर कई पंजाबी गाने गाए। पंजाबी गायक अखिल ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दिल सदा तेरे चेते क्रदा, तू कल्ला ही सोना नी, कुछ तो मुझमें कमी थी, जिंदगी, रूस्या ना कर तू, पसूरी, किथे चली गली गली, रुख जइ जाप दी, जीने मेरा दिल लुटिया, किना सोना तेनु रब ने बनाया, चेहरा मासूमियत तेरे दिल में शैतानी जैसे पंजाबी गानों पर दर्शक थिरक उठे।



### कार्यक्रम में दर्शक कुर्सियों पर खड़े होकर खूब ठुमके लगाए

पंजाबी गीतों के साथ उन्होंने 'अपना बना ले पिया, केसरिया तेरा इश्क ए दिल है मुश्किल', 'जो भेजी थी दुआ', 'गल्ला गोरिया', 'कंगना तेरा नी', 'मोरनी बनके', 'तुम्हे दिल्लगी निभानी पड़ेगी', तू मेरा होके भी मेरा न लागे, दिल को तुमसे प्यार हुआ कैसे हुआ कैसे हुआ, मितवा कहे धड़कने तुमसे क्या, उड़ जा काले कावा जैसे फिल्मी गानों की मैलोडी गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। उम्रदराज लोगों के लिए भी उन्होंने कजरा मोहब्बत वाला गाकर उन्हें अतीत की यादों से जोड़ने का काम कर दिया। खचाखच भरी चौपाल पर दर्शकों के सिर दिवानगी इस कदर हावी थी कि वे कुर्सियों पर खड़े होकर ठूमके पर ठूमके लगाने लगे। इस मौके पर एसडीएम बड़खल अमित मान के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### आकर्षण का केंद्र बना लकड़ी से बने बच्चों के खिलौने

सूरजकुंड दिवाली उत्सव में सहारनपुर से आए कारीगर रेहमान का स्टाल नंबर 944 आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उनके द्वारा निर्मित बच्चों के खिलौनें, सजावटी सामान, लकड़ी की दीवार घड़ी, लकड़ी का शीशा फ्रेम, अलग-अलग डिजाइन की गुल्लक, ड्राईफ्रूट बॉक्स, लकड़ी से बनी ट्रे की लोग खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले बीस साल से वह इस व्यापार को कर रहे है।

## प्रिंस हत्याकांड: आरोपी भोलू की याचिका खारिज

# एससी ने हाईकोर्ट के आदेश को रखा बरकरार, नाबालिग पर चलेगा केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

*8 सितंबर 2017 को गुरुग्राम के एक निजी स्कूल के बाथरूम में सात साल के दूसरी कक्षा स्टूडेंट की हत्या करने के मामले में आरोपी भोलू 18 साल से कम उम्र के होने के बावजूद भी वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने का रास्ता साफ कर दिया।*

सुप्रीम कोर्ट ने करीब छह साल पहले 8 सितंबर 2017 को गुरुग्राम के एक निजी स्कूल के बाथरूम में सात साल के दूसरी कक्षा स्टूडेंट की हत्या करने के मामले में आरोपी भोलू 18 साल से कम उम्र के होने के बावजूद भी वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने का रास्ता साफ कर दिया। इस मामले में आरोपी के दोषी पाए जाने की सूरत में उसे आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने आरोपी भोलू की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सत्र न्यायालय व पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी। इस मामले में आरोपी भोलू पर वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने की पुष्टि की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी किसी भी याचिका पर विचार करने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया और कहा कि आरोपी को वयस्क के रूप में मुकदमे का सामना करना होगा। याचिका का शिकायतकर्ता के वकील सुशील टेकरीवाल ने विरोध किया।

**खास बातें**

- सितंबर 2017 को स्कूल में प्रिंस की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी
- जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने भोलू को बालिग मानकर केस चलाने के आदेश दिए थे
- पीजीआई रोहतक से तीन मनोचिकित्सों ने भोलू की जांच कर रिपोर्ट पेश की थी

### हाईकोर्ट ने व्यस्क की तरह केस चलाने पर लगाई थी मोहर

उल्लेखनीय है कि 8 सितंबर 2017 को एक निजी स्कूल के छात्र प्रिंस (अदालत द्वारा दिया गया नाम) की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में भोलू (अदालत द्वारा दिया गया नाम) आरोपी है। इस मामले में गत वर्ष 17 अक्टूबर को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने भी अपने आदेश में भोलू को बालिग मानकर केस चलाने के आदेश दे दिए थे। इसके बाद सत्र न्यायालय ने भी आरोपी भोलू पर बालिग मानकर केस चलाने का फैसला सुनाया था। जेजे बोर्ड ने गत वर्ष 27 जुलाई को तीनों पक्षों को सुनने के बाद बोर्ड के पैनल में शामिल मनोचिकित्सक को मामले में अपनी राय देने को कहा था, लेकिन बाद में पीजीआई रोहतक से तीन मनोचिकित्सकों ने रिपोर्ट पेश की थी। जिसके बाद आरोपी को बालिग मानकर केस चलाने का फैसला लिया गया था।



### ब्रॉउन शुगर के साथ महिला समेत दो विदेशी गिरफ्तार



गाजियाबाद। गाजियाबाद की पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने एक नाइजीरियाई व एक तंजानिया की महिला को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 12 लाख रुपए की 415 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है। दोनों दिल्ली से गाजियाबाद आए थे, यहां उन्हें कार बदलकर पंजाब जाना था। ये नाइजीरियाई इनोसेंट 2019 से तथा तंजानिया की नीमा सेबस्तियन को नीमा नवंबर 2022 से दिल्ली में किराए पर रहकर ब्राउन शुगर की सप्लाई में लगे थे।

# विधायक ने किया वार्ड एक में कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

एनआईटी के कांग्रेस विधायक विधायक नीरज शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-1 कृष्णा कालोनी में सीवर लाईन एवं पानी की लाईन डालने के कार्यों का शुभांरभ किया।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि यहां नंबर-5 में सीवर लाईन एवं गली नम्बर 6 से गली नंबर 25.2 तक में पानी की लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया है। यह सभी कार्य लगभग 25 लाख रुपए की लागत से पूर्ण होंगे। इस मौके पर रामेश भारद्धाज ने कालोनी वासियों की तरफ से विधायक नीरज शर्मा का अभार प्रकट किया।



### 28 करोड़ स्वीकृत के बाद अन्य कार्य हो जाएगा शुरू

विधायक ने कहा कि एनआईटी विधानसभा में सभी वार्डो के एस्टीमेंट नगर निगम से बना दिए गए है, जिसकी 28 करोड़ रुपए की फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय में लम्बित है, जैसे ही फाईल पास होगी। एनआईटी विधानसभा की सभी वार्डो में मुख्य समस्यों का समाधान होना शुरू हो जाएगा।

## उपभोक्ताओं को लाभ उठाने की अपील

# डिफाल्टरों के लिए खुशखबरी 8 नवंबर से ओटीएस स्कीम लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

जिले के बिजली के उन उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी है जो किन्ही कारणों से अपना बिजली बिलों का भुगतान नहीं कर सके हैं। इसके लिए बिजली निगम ने सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के बकाएदारों के लाभ के लिए एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना की घोषणा की है। योजना 8 नव्ंबर से 31 दिसम्बर तक तीन चरणों में लागू की जाएगी। घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता इस स्कीम का लाभ उठा सकेंगे। इसके तहत उपभोक्ताओं को किस्तों में बकाया बिल जमा करने की सुविधा दी गई है। इससे बिजली चोरी के आरोप झेल रहे उपभोक्ताओं को फायदा होगा क्योंकि उन्हें भी अपने बिल और जुर्माना किस्तों में चुकाने की अनुमति मिल गई है।



इसके लिए गाजियाबाद में बिजली निगम ने सभी तैयारियां शुरू पूरी कर ली हैं । उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता नीरज स्वरूप ने बताया कि ओटीएस का पहला चरण 8 से 30 नवंबर तक, चलेगा।

## जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम ने

# पत्रकारों की मौजूदगी में मनाया भव्य दीपावली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम की ओर से दूसरा भव्य दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी में नवोदित पत्रकारों का सम्मान किया गया। एसोसिएशन के दूसरे दीपावली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संथाओं के पदाधिकारियों के साथ विभागों के अधिकारी कार्यक्रम में पहुंचे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। समाज में जागरुकता फैलाने के लिए पत्रकारों का अहम योगदान रहता है। सकारात्मक पत्रकारिता ने समाज को हमेशा सही रास्ता दिखाया है।

### 6 साल से लटका सैनिक विहार प्रोजेक्ट अब हुआ पूरा

फरीदाबाद। सैनिक सोसायटी का पिछले दस सालों से अधर में लटका प्रोजेक्ट सैनिक विहार सेक्टर-88 प्रोजेक्ट पूरा होने की कगार पर है। यहां 702 फ्लैट धारक है, जिन्हें निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना ने पजेशन लेटर सौंपे। धुन्ना ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को लेकर पिछले दस सालों से संघर्ष चल रहा था और उन्होंने सदस्यों से वायदा किया था कि दिवाली पूर्व वह प्रोजेक्ट पूरा कर देंगे। इस दौरान सैनिक विहार वेलफेयर के प्रधान सुशील शर्मा सहित अनेक सदस्यों व पदाधिकारियों ने धुन्ना का फूल मालाओं से स्वागत किया ।

गौरतलब है कि यह प्रोजेक्ट पिछले दस सालों से लंबित चल रहा था, जिसको लेकर निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना ने लम्बी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 702 परिवारों को अपने उनके आशियाने मिलने का रास्ता नजर आने लगा। इस मौके पर सैनिक सोसायटी के निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि इस सदस्यों को उन्होंने पजेशन लेटर बांटे ।


**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लि.**
CIN :L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, मोदी टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Tel.: +91-11-42504842
E-Mail : sbecsystems@rediffmail.com, Website : www.sbecsystems.in

30 सितम्बर 2023 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सार

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30.09.2023 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30.09.2022 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2023 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 30.09.2023 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 30.09.2022 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2023 अअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 63.49 | 59.81 | 131.78 | 63.49 | 59.81 | 131.78 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 8.42 | (0.74) | 32.07 | 8.42 | (0.74) | 32.07 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों और एसोसिएट्स के लाभ/हानि के शेयर के बाद) | 8.42 | (0.74) | 32.07 | 8.42 | (0.74) | 32.07 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 24.37 | (2.30) | 44.07 | 24.37 | (2.30) | 44.07 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 24.37 | (2.30) | 44.07 | 24.37 | (2.30) | 44.07 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | ए. बेसिक | 0.24 | (0.02) | 0.44 | 0.24 | (0.02) | 0.44 |
| | बी. डायल्यूटेड | 0.24 | (0.02) | 0.44 | 0.24 | (0.02) | 0.44 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 06 नवम्बर 2023 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं निदेशक
डीआईएन : 00004606
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06.11.2023



**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in
30 सितम्बर 2023 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार
[ सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1)(बी) देखें ]
(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | अअंकेक्षित समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2023 | अअंकेक्षित समाप्त वर्तमान वर्ष हेतु वर्ष से तिथि 30 सितम्बर 2023 | अअंकेक्षित समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष की अनुकूल तिमाही 30 सितम्बर 2022 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 12.025 | 29.725 | 14.832 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 8.869 | 22.886 | 12.096 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 8.869 | 22.886 | 12.096 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 8.869 | 22.886 | 12.087 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 8.869 | 22.886 | 12.087 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 211.750 | 211.750 | 211.750 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | 0.419 | 1.081 | 0.571 |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक और समाप्त अर्ध वर्ष के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
डीआईएन : 07526355
दिनांक : 06 नवम्बर 2023
स्थान : दिल्ली



**स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड**
CIN: L72200DL1985PLC019763
पंजीकृत कार्यालय: के -20, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर - II, नई दिल्ली - 110024
कॉर्पोरेट कार्यालय: डी-348, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307
वेबसाइट: www.skywebindia.in, | ईमेल: info@skywebindia.in | फोन नंबर : 011-29840906

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का उद्धरण

ईपीएस को छोड़कर आंकड़े लाख में

| क्र. स. | विवरण | स्टैंडअलोन तिमाही समाप्त 30.09.2023 अनअंकेक्षित | स्टैंडअलोन 6 महीने समाप्त 30.09.2023 अनअंकेक्षित | स्टैंडअलोन तिमाही समाप्त 30.09.2022 अनअंकेक्षित | कंसोलिडेटेड तिमाही समाप्त 30.09.2023 अनअंकेक्षित | कंसोलिडेटेड 6 महीने समाप्त 30.09.2023 अनअंकेक्षित | कंसोलिडेटेड तिमाही समाप्त 30.09.2022 अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालन से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | - | - |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व) | (5.06) | (10.14) | (2.04) | (5.06) | (10.14) | (2.04) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (5.06) | (10.14) | (2.04) | (5.06) | (10.14) | (2.04) |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (5.06) | (10.14) | (2.04) | (5.06) | (10.14) | (2.04) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/हानि (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है] | (5.06) | (10.14) | (2.04) | (4.79) | (9.62) | 10.03 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | - | - | - | - | | - |
| 8 | प्रति शेयर आय (निरंतर और अनिरंतर संचालन के लिए) | | | | | | |
| (a) | बेसिक | (0.51) | (1.01) | (0.20) | (0.48) | (0.96) | 1.00 |
| (b) | डाल्युटेड | (0.51) | (1.01) | (0.20) | (0.48) | (0.96) | 1.00 |

नोट्स:-
1. उपरोक्त 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है, जिसे सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किया गया है।उक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप कंपनी की वेबसाइट (www.skywebindia.in) और मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.msei.in) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
2. 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा विधिवत समीक्षा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 06 नवम्बर, 2023 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया।

कृते एवं बोर्ड की ओर से
स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड
हस्ता./-
रेनू गुप्ता
पूर्णकालिक निदेशक
दिनांक: 06.11.2023
स्थानः दिल्ली